उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या : 18 / 04(i) / डी0आर0 / वि0वि0प्र0 / सेवा–3 / 2022–23 दिनांक : 21 जुलाई, 2023

विस्तृत विज्ञप्ति
प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला (समूह 'ग') परीक्षा–2023

एत्‌दद्वारा सूचित किया जाता है कि **विधि विज्ञान प्रयोगशाला** के अन्तर्गत **प्रयोगशाला सहायक** के रिक्त 11 पदों हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्याः: A-1/DR/S-3/2023-24 दिनांक 28 जून, 2023 के सापेक्ष पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 18.07.2023 तक आंमत्रित किये गये थे।

2. उक्त विज्ञापन के **अति महत्वपूर्ण निर्देश के बिन्दु सं0–5** के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18.07.2023 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुये अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में की गयी प्रविष्टियों में संशोधन / परिवर्तन **(Edit/Correction)** किये जाने हेतु केवल एक बार के लिए आयोग की बेवसाइट **Psc.uk.gov.in** पर Online Edit Window लिंक **दिनांक 24.07.2023 से दिनांक 02.08.2023 (रात्रि 11 : 59 : 59 बजे तक)** तक खोला गया है, जिसके संबंध में दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–

- **(i)** **(Edit/Correction)** हेतु उक्त लिंक की समयावधि 10 दिन होगी।
- **(ii)** जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की है, केवल वह अभ्यर्थी ही अपने ई–मेल आई0डी0 एवं पासवर्ड से लॉग–इन कर पायेंगे।
- **(iii)** लॉग–इन करने के पश्चात् अभ्यर्थी शर्तानुसार अपने भरे हुए डाटा में (मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 को छोड़कर) आवश्यकतानुसार संशोधन कर पायेंगे।
- **(iv)** अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में **Edit/Correction** की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी, उसके पश्चात् ही आवेदन पत्र में डाटा **Update** हो सकेगा।
- **(v)** **Edit/Correction** की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् **Edited Data** ही अंतिम माना जायेगा।

3. इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संशोधन / परिवर्तन (Edit/Correction) के अंतिम अवसर के उपरान्त किसी भी दशा में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गयी किसी भी प्रविष्टियों / दावों को संशोधित / परिवर्तित करने संबंधी प्रत्यावेदन / अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

Sd/-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।